**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 11 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)**

*************************************************************

भारत में रसोई गैस एलपीजी के घरेलू उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बढ़ाने के लिए उठाए गए कई कदमों के बाद हुई है।

**1 - सुजाता शर्मा - 14 सेकंड**

***भारत सरकार ने रिफाइनरीज़ और पेट्रोकेमिकल कंपलेक्स को एलपीजी उत्पादन को मैक्सिमाइज करने का आदेश दिया। इन सभी प्रयासों की वजह से हमारा डॉमेस्टिक एलपीजी प्रोडक्शन हेज इंक्रीजड बाय 25%।***

नई दिल्ली में कल शाम पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर आयोजित अंतर-मंत्रालय वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री सुजाता शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 8 मार्च को सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल परिसरों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे।

संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित है और देश के कच्चे तेल के आयात का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से आ रहा है।

*************************************************************

भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड- बीपीसीएल ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि सरकार एलपीजी आयात को सुचारू और निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बीपीसीएल ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति और एलपीजी आयात को प्रभावित करने वाली नाकाबंदी के

कारण एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। ऐसे में उपलब्ध आपूर्ति को नियंत्रित तरीके से वितरित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में वर्तमान में मध्य पूर्व में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति बाधित होने संबंधी फैल रही अफवाहों की स्थिति पर चर्चा की बैठक में बताया गया की ।तेल कंपनियों के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है,कि वर्तमान में पेट्रोल, डीज़ल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है तथा ऑयल कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त गैस की आपूर्ति निरंतर रूप से प्राप्त हो रही है। हालाँकि कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में अस्थाई रूप से बाधा आ रही है। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में प्राथमिकता शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों को दी जा रही है और शेष आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए तेल कंपनियां लगातार प्रयास कर रही हैं।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई शहरी स्थानीय निकाय विभाग की उच्च अधिकार सम्पन्न कार्य खरीद समिति की बैठक में प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों से जुड़े स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न कार्यों के निविदा दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। कल हुई बैठ में स्वीकृत निविदाओं की कुल लागत लगभग 90 करोड़ 66 लाख रुपये के है। निविदा प्रक्रिया के दौरान भाव तोल के माध्यम से लगभग 4 करोड़ 17 लाख रुपये की बचत सुनिश्चित की गई ।बैठक में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा उपस्थित रहे।

इन कार्यों में नगर परिषद गोहाना में घर घर से कचरा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण तथा प्रोसेसिंग साइट तक परिवहन, नगर परिषद पलवल में ठोस कचरे की प्रोसेसिंग, नगर निगम हिसार के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में सड़क सफाई तथा नगर निगम हिसार क्षेत्र में सड़कों की मशीनीकृत और मैनुअल सफाई से संबंधित कार्य शामिल हैं।

*************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल बस अड्डे के समीप केनरा बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, गणमान्य व्यक्ति, बैंक अधिकारी तथा स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि नई शाखा के शुरू होने से लोगों को अपने वित्तीय कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने ही क्षेत्र में सभी आवश्यक बैंकिंग सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी। उन्होंने आशा जताई कि बैंक की नई शाखा स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

*************************************************************

जींद जिले के सफीदो उप मंडल क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में हुए भीषण हादसे में अब तक 9 महिलाओं की मौत हो चुकी है। इस दुर्घटना से लगभग 17 परिवार प्रभावित हुए हैं। कल घटना स्थल का दौरा करने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने मीडिया से बातचीत में श्रीमती कहा कि फैक्ट्री के अंदर हुए इस हादसे की पूरी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह मामला लापरवाही से जुड़ा प्रतीत होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति इस घटना में दोषी पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता उन परिवारों की सहायता करना है, जो इस हादसे से प्रभावित हुए हैं।